आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13 मई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले सम्बोधन में आतंकवाद को लेकर दी कड़ी चेतावनी, कहा–कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल नहीं सहेगा भारत, आतंकी ठिकानों पर होगा सटीक और निर्णायक प्रहार।
- एयर मार्शल एके भारती ने कहा–देश के सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियां पूरी तरह से क्रियाशील, भविष्य के किसी भी मिशन के लिए है पूरी तैयारी।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में विभिन्न परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की, गोरखपुर में नगरीय सेवा केंद्र और सीनियर सिटीजन्स डे केयर सेंटर का किया लोकार्पण।
- केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने मुजफ्फरनगर में विभिन्न ओद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण, समीक्षा बैठक में रचनात्मक कार्यों की सराहना की।

**********

ऑपरेशन सिंदूर और भारत पाकिस्तान युद्ध विराम के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्र के नाम सम्बोधन में पहलगाम आतंकी हमले की बर्बरता और उसके बाद की गई कार्रवाई की चर्चा की। उन्होंने कहा कि अब हर आतंकी और आतंकी संगठन जान चुका है कि हमारी बहन बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है। उन्होंने कहा जब ऑपरेशन सिंदूर में आतंक के अड्डों पर भारत की मिसाइलों ने हमला बोला तो आतंकी संगठनों की इमारतें ही नहीं, उनका हौसला भी थर्रा गया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत की कार्रवाई का साथ देने की बजाय भारत पर ही हमला शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये सौ से अधिक खूंखार आतंकवादियों को मार दिया गया। ऑपरेशन के बाद पाकिस्तान के मिसाइल हमलों के दौरान देश के एयर डिफेंस सिस्टम ने उन्हें आसमान में ही नष्ट कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद देश की तीनों सेनाएं, बीएसएफ और अर्धसैनिक बल लगातार अलर्ट पर हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर ने आतंक के खिलाफ लड़ाई में एक नई लकीर खींच दी है। एक नया पैमाना न्यू नार्मल तय कर दिया है। पहला भारत आतंकी हमला हुआ तो मुहतोड़ जवाब दिया जायेगा। हम अपने तरीके से अपनी शर्तों पर जवाब देकर रहेंगे। हर उस जगह जाकर कठोर कार्रवाई करेंगे जहां से आतंक की जडें निकलती है, दूसरा कोई भी न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा। न्यूक्लियर ब्लैकमेल की आड़ में पनप रहे आतंकी ठिकानों पर भारत सटीक और निर्णायक प्रहार करेगा। तीसरा हम आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग–अलग नहीं देखेंगे।**

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि टेरर और टॉक एक साथ नहीं चल सकते। और पानी एवं खून भी एक साथ नहीं बह सकता। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान से बात होगी तो टेरेरिजम् पर होगी और पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर पर होगी। प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत की आक्रामक कार्रवाई के बाद पाकिस्तानी सेना ने बचने के लिए मजबूरी में दस मई की दोपहर में हमारे डीजीएमओ से सम्पर्क किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश ने पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर अपनी जवाबी कार्रवाई को सिर्फ स्थगित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में पाकिस्तान के हर कदम को इस कसौटी पर मापा जाएगा कि वह क्या रवैया अपनाता है।

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच कल शाम सैन्य संचालन महानिदेशक–डीजीएमओ स्तर की वार्ता हुई। भारतीय सेना ने एक बयान में बताया कि बैठक में इस प्रतिबद्धता को जारी रखने का फैसला हुआ कि दोनों पक्षों को एक भी गोली नहीं चलानी चाहिए या एक–दूसरे के खिलाफ कोई आक्रामक और शत्रुतापूर्ण कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

**********

एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि हमारे सभी सैन्य अड्डे और प्रणालियाँ पूरी तरह से क्रियाशील हैं और भविष्य के किसी भी मिशन के लिए तैयार हैं। नयी दिल्ली में कल ऑपरेशन सिंदूर के बारे में डीजीएमओ की प्रेस ब्रीफिंग में उन्होंने कहा कि भारत की लड़ाई आतंकवादियों और उनके सहायक ढांचों से है न कि पाकिस्तानी सेना से।

प्रेस ब्रीफिंग में भारतीय सेना के सैन्य संचालन महानिदेशक–डीजीएमओ लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा कि भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने दुश्मन के ड्रोन, लड़ाकू विमानों और मिसाइलों को नाकाम किया। इससे देश को कम से कम नुकसान हुआ। भारतीय सशस्त्र बल इसके लिये पूरी तरह तैयार थे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की वायु सेना ने नौ और दस मई की रात को भारतीय एयरफील्ड और लॉजिस्टिक प्रतिष्ठानों को जब भी निशाना बनाने की कोशिश की, तो उन्हें पूरी ताकत से रोका गया।

श्री घई ने कहा कि पाकिस्तान के पास भारत की हवाई रक्षा भेदने का कोई मौका नहीं था।

***सारे सिस्टम्स को पार कर भी गए तो आपको फिर भी एयरफील्ड या लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन या जो भी चीज को आप टारगेट कर रहे हैं उसमें पहुंचने से पहले कोई न कोई इस लेयर्ड ग्रिड का सिस्टम जरूर गिरा देगा। हमारी एयरफील्ड्स हर प्रकार से ऑपरेशनल है। यही नहीं पाकिस्तान के ड्रोन और वेपनाइज्ड यू से की गई हमलावर कोशिशें भी इस ग्रिड के कारण नाकाम हुई और जो बचे कुचे ड्रोन्स थे उन्हें हमारे शोल्डर फायर्ड हथियारों से मार गिराया गया।***

**********

भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद नागर विमान परिचालन के लिए अस्थायी रूप से बंद किए गए बत्तीस हवाई अड्डों को अब तत्काल प्रभाव से खोल दिया गया है। एक रिपोर्ट–

***इन सभी बत्तीस हवाई अड्डों को इस महीने की पंद्रह तारीख तक नागर विमान परिचालन के लिए बंद रखा गया था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने एक बयान में यात्रियों को सलाह दी है कि वे सीधे एयरलाइनों से उड़ान की स्थिति की जांच करें और नियमित अपडेट के लिए एयरलाइनों की वेबसाइट पर नजर रखें। समाचार कक्ष से मैं वेद प्रकाश पाठक***

इस बीच, बीसीसीआई ने भी इंडियन प्रीमियर लीग दो हजार पचीस फिर से शुरू करने की घोषणा की है। इस लीग के बाकी बचे मैच सत्रह मई से शुरू होकर तीन जून तक खेले जाएंगे। इस दौरान छह स्थानों पर कुल सत्रह मैच होंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल वाराणसी पहुंचे। उन्होंने बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी कैम्पस में एक सौ सैंतालित करोड़ उन्तालिस लाख रूपये की लागत से बन रहे नेशनल सेंटर फॉर एजिंग आईएमएस और एक सौ उन्नीस करोड़ सैंतालिस लाख रूपये की लागत से बन रहे न्यू बिल्डिंग ऑफ क्रिटिकल केयर सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्धारित अवधि में दोनों निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने काल भैरव और काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन और पूजन भी किया।

अपने गोरखपुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सुबह नगर निगम द्वारा बनाये गये नगरीय सेवा केन्द्र और सीनियर सिटीजन्स डे केयर सेंटर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की विकासोन्मुखी नीतियों से राज्य लगातार प्रगति की राह पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय सेवा केन्द्र और सीनियर सिटीजन डे केयर सेंटर से गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को फायदा पहुंचेगा।

***सीनियर सिटीजन केयर सेंटर जितने भी बुजुर्ग नागरिक हैं, उन सभी बुजुर्गों के लिए सुविधा यहां पर बन सके। वे लोग यहां पर आकर के दिनभर बैठ सकते हैं। उनके लिए कैंटीन की व्यवस्था भी रहेगी। सुबह योगासन की व्यवस्था रहेगी। अखबार पढ़ने के लिए व्यवस्था रहेगी। लाइब्रेरी में धार्मिक पुस्तकों को और अन्य रचनात्मक पुस्तकों को पढ़ने की सुविधा रहेगी।***

**********

केंद्रीय रेल एवं जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना कल मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होंने इंडियन पोटाश लिमिटेड, डिस्टिलरी और कम्प्रेस्ड बॉयो गैस इकाई का निरीक्षण किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की और वहां किये जा रहे रचनात्मक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी मौजूद रहे।

**********

प्रसार भारती के चेयरमैन और यूपी टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कल लखनऊ में अतंर्राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता– आईटीएफ जे–थर्टी का उद्घाटन किया। इस प्रतियोगिता में बालक और बालिका वर्ग में देशभर के एक सौ अट्ठाइस खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इस अवसर पर श्री सहगल ने कहा कि यूपी टेनिस एसोसिएशन इस प्रतियोगिता का आयोजन कर राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर दे रही है।

**********